प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 18 फरवरी, 2025 :-

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत गोवा से आए शिक्षाविदों ने राज भवन में भेंट की। विदित हो कि ये शिक्षाविद रांची विश्वविद्यालय, रांची के शैक्षणिक भ्रमण पर आए हुए हैं।

राज्यपाल महोदय ने शिक्षाविदों से संवाद के क्रम में राज्य में उच्च शिक्षा को और गुणात्मक व प्रभावी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिले, ताकि वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वे शैक्षणिक मानकों के अनुपालन और सत्रों के नियमितीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ प्रयास कर रहे हैं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाजोत्थान का आधार भी है। उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसा वातावरण विकसित करना चाहिए, जहाँ शोध, नवाचार और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समसामयिक चुनौतियों से निपटने के लिए अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षताओं से भी संपन्न किया जाना आवश्यक है।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री अभिषेक कुमार झा के नेतृत्व में अबुआ अधिकार मंच का एज शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की।

शिष्टमंडल ने राज्य में झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद रिक्त होने की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति की दिशा में आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। साथ ही, शिष्टमंडल ने विभिन्न विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की समस्या से भी राज्यपाल महोदय को अवगत कराया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री पुष्कर महतो के नेतृत्व में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।